
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# आपदा प्रभावित ग्रामीणों ने लगाया उपेक्षा का आरोप

**आरोप**

## पुलों,सड़कों व पेयजल लाईनों के हालात जस के तस

■धरातल पर पुनर्निर्माण कार्य को लेकर संस्थाओं पर धन के दुरुपयोग का आरोप



**संवाददाता**

पुरोला। मोरी प्रखंड के आपदा प्रभावित सुदूरवर्ती क्षेत्र आराकोट बंगाण के दो दर्जन से अधिक गांव बीते वर्ष 18 अगस्त को आये जल प्रलय तबाही से क्षतिग्रस्त सड़कों,पुलों,पेयजल,विधुत लाईनों,पैदल रास्तों आदि का दंस झेल रहे हैं। हालात इस कदर हैं कि आपदा के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों के नाम पर करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी सडक,पुलों व पेयजल,विधुत लाईनों के हालत जस–तस बने हुए हैं।

यही कारण है कि क्षेत्र में आपदा के बाद विभिन्न कार्यदायी विभागों के पैदल मार्गों,पुलों,सडकों,पेयजल विधुत लाईनों के पुनर्निर्माण–मरम्मत के नामपर लाखों खर्च व ग्रामीणों में क्षेत्रीय विकास को लेकर असन्तुष्ट ग्रामीणों ने कई बार आक्रोश व्यक्त व गत माह अगस्त 18 काला दिवस मना कर नाराजगी जताई आंदोलन की चेतावनी दी।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले वर्ष से अब तक सड़कों,रास्तों,पुलों,पेयजल,विधुत लाईनों के मरम्मत पर करोड़ों खर्च कर दिये गये किंतु आज भी मूलभूत सुविधाओं की हालात वैसे ही बनी हुई है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागों ने अपने चहेते ठेकेदारों के साथ मिलकर बजट को ठिकाने लगानें का काम किया है जबकि ग्रामीण क्षेत्र के क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग तो दूर आराकोट टिकोची चिंवा–बरनाली आदि विभिन्न गांव को जोडने वाले मुख्य मार्ग के ही बुरे हाल है,ग्रामीणों आने जाने में व सेब ढुलाई को छोटी गाडियां लाने में भी दिक्कत हो रही है।

क्षेत्र के समाजसेवी मनमोहन सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की दुर्दशा पिछले एक साल से वैसे ही बनी है, सड़कों का बुरा हाल है हल्की.बारिश होने पर बागवानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। आपदाग्रस्त बंगाण क्षेत्र के विकास को लेकर न तो सरकार का ध्यान है और न ही विभागीय अधिकारियों का।

उन्होंने कहा कि अभी विभाग यदि सडकों,विधुत ,पेयजल लाईन,क्षतिग्रस्त पुलों व गांव क्षेत्र के पैदल संपर्क मार्ग के मरम्मत व पुनर्निर्माण को लेकर गंभीर नहीं होते तो सघर्ष समिति ग्रामीणों के साथ निमार्ण दाई संस्थाओं के खिलाफ आंदोलन करनें को सडक पर उतरेगा।

## न्यूज डायरी

### दिनदहाड़े बालिका से छेड़छाड़ के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। दिनदहाड़े घर से पानी भरने गई बालिका के साथ एक युवक द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी का मेडिकल कराने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्रन्तर्गत एक 9 साल की बालिका 31 अगस्त 20 को सुबह करीब 11 बजे घर से पानी भरने के लिए भूरे की खाल के पास नल पर गई थी। बताया जा रहा है कि वहीं पर एक युवक मंजन करता हुआ मिला, जोकि बालिका को बहला–फुसलाकर जंगल की ओर ले गया।

### लाइजॉल ने डिसइनफेक्शन पर आधारित अपने विज्ञापन 'सेफ टू टच 'को किया पेश

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी डिसइनफेक्टैंट ब्रांड लाइजॉल ने आज अपने नए विज्ञापन अभियान सेफ टू टच को पेश किया। इस अभियान को मौजूदा महामारी के दौरान किटाणुओं और वायरस से लड़ने में मदद के लिए फर्श को डिसइनफेक्ट करने के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए तैयार किया गया है। कोविड–19 महामारी की शुरुआत से ही, लाइजॉल जानलेवा संक्रमण की चेन को तोड़ने में मदद के लिए डिसइनफेक्शन की जरूरत को समझाने के लिए उपभोक्ताओं को शिक्षित कर रहा है। लाइजॉल डिसइनफेक्टैंट सरफेस क्लीनर, जो भारत में निर्मित है, अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र प्रयोगशाला द्वारा परीक्षण किया गया है और इसे कोविड–19 वायरस के खिलाफ 99.9 प्रतिशत प्रभावी पाया गया है।

### टेक्नो ने स्पार्क गो 2020 के साथ फिर चलाया अपना जादू

**संवाददाता** देहरादून। वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्राण्ड टेक्नो ने आज अपनी मशहूर स्पार्क सीरीज के नए प्रोडक्ट – स्पार्क गो 2020 को लॉन्च किया। प्रीमियम फीचर्स और 6499 रुपये के किफायती दाम पर उपलब्ध, स्पार्क गो 2020 'उम्मीदों से भरे भारत' की मनोरंजन संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। उम्मीद की जा रही है कि यह इस वर्ष जनवरी में लॉन्च स्पार्क गो प्लस की कामयाबी को दोहराएगा। स्पार्क गो 2020 में एक बार फिर एंटरटेनमेंट पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी, 6.52 इंच का डिस्प्ले और 13 एमपी एआई के ड्युल रियर कैमरा है। इस डिवाइस में ऑडियो शेयर करने वाला एक खास फीचर भी है।

## युवती को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी युवक ने फंदें पर झूलकर मौत को गले लगाया

**खुलासा**

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील पिथौरागढ़ के नेपाल सीमा से लगे इलाके झूलाघाट क्षेत्र के ज्यल गांव में प्रेम प्रंसग में धोखा मिलने पर युवती को उसी के घर के खेत में जाकर धारदार हथियार से गला काटकर भागने वाले आरोपी युवक ने खुद को भी मौत के हवाले कर दिया है। इस मामले का पुलिस अद्यीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने देर साय खुलासा कर दिया है। पिछले दो रोज पूर्व से आरोपी युवक की तलाश के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन द्वारा युवक की तलाश व दबिश के लिए टीमें गठित गई।

आरोपी युवक घटना के बाद से फरार चल रहा था। वारदात के पीछे एक तरफा प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। झूलाघाट थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जायल गांव निवासी राजेश चंद पुत्र शमशेर चंद ने गांव की ही युवती कविता भटट को मौत के घाट उतारकर फरार हो गया था।

वही मृतक कविता को 108 के सहारे जिला मुख्यालय भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार कविता को मृत घोषित कर दिया गया। बीते देर सांय आरोपी युवक को गांव के नजदीक के जंगल में पेड़ के सहारे फंदे में झूलते हुए युवक को देखा तो वे हक्का बक्का हो गये। मौके पर घटना स्थल पर थाना कोतवाली झूलाघाट के थानाध्यक्ष ने आरोपी युवक के पेड़ पर झूलते हुए शव को नीचे उतारा और शिनाख्त कर मौके पर घटना का पूरा खुलासा किया। अब इस घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वही इस घटना से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा ।

## एक माह से कोई भी नेटवर्क न आने से मोबाईल सेवा चोपट

क्षेत्रीय लोगों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा

**संवाददाता** पुरोला। प्रखंड मोरी में दूर संचार की लचर व्यवस्था से आम जनता परेशान है मोरी क्षेत्र में बीएसएनएल व वोडाफोन टावर तो जगह–जगह लगे तो है किंतु कई–कई दिन,हप्तों नेटवर्क गायब रहने से लोगों को खासकर आनलाईन पढाई करनें लाले छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

हद तो तब हो गयी जब कंपनियों के अधिकारियों समेत प्रशासन को कई बार शिकायत करनें के बाद भी पिछले एक महीने से क्षेत्र में नेटवर्क नही आ रहा है जिसे लेकर क्षेत्रीय लोंगो ने प्रधान संगठन के जिला मिडिया प्रभारी सुरेंद्र सिंह नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से जिला अधिकारी मयूर दिक्षित को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि मोरी क्षेत्र के लोग आज आधुनिक युग में भी नेटवर्क न होने से मोबाईल सेवा से बंचित है। कहा कि कोरोना जैसीमहामारी के चलते जंहा स्कूल व कालेज बंद होने से छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दे रही है,आनलाईन अध्यापन चलारही है पर नेटवर्क न होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है।

मोरी क्षेत्र में वोडाफोन व बीएसएनएल कंपनियों के सांकरी,धारा,खरसाडी कई टावर लगे हैं किंतु बार–बार नेटवर्क की समस्या होने से लोग परेशान है कहा कि एक माह से मोबाईल नेटवर्क सेवा ठप्प होने से आनलाईन पढाई नहीं हो पा रही है।

# आपदा प्रभावित गांवों में राशन का संकट मंडराया

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोट**

बंद पड़ी सड़कें सीमांत के ग्रमीणों के लिए बनी चिंता का विषय

पिथौरागढ। सीमांत तहसील क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में ग्रमीणों के लिए भेजा जा रहा राशन सीमांत के आपदा प्रभावितों को अब तक नही मिल पाया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के प्यांगती के ग्रामीण सड़क के बंद होने के कारण जहां एक ओर घरों में ही कैद होने के लिए मजबूर हो रहे है। वहीं राशन के लिए परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग अभी भी बंद पड़ी सड़कों को खोलने में सामर्थवान नही दिख रहा है। बता दें कि ऐसे हालातों में क्षेत्र के दर्जनों आपदा प्रभावित गांवों के ग्रमीण राशन ना मिल पाने के कारण परेशान हो चुके है। वही बधित सड़कों के चलते सीमांत में आवाजाही करने में खासी दिक्कतें हो रही है।

सीमांत में सडकों के अब तक बाधित होने के कारण सीमांत के आपदा प्रभावित गांवों के ग्रमीणों की चिंता अब बढ़ने लगी है। क्षेत्र के ग्रमीणों का कहना है कि यदि क्षेत्र में जल्द सड़के नही खुल पाती है तो उनके गांवों में भंयकर अन्न संकट खड़ा हो जायेगा। जानकारी के मुताबिक सीमांत के प्यागंती के छियालीस परिवार एक माह से खाद्यान्न की मार झेलने को मजबूर हो रहे है। क्षेत्र में बंद पड़े रास्तों के कारण सीमांत के ग्रमीण घरों में ही कैद रहने को मजबूर हो रहे है।

सीमांत में लंबे अर्से से बंद पड़ी सड़कों में अब तक सुध नही लिये जाने से क्षेत्र के ग्रमीणों की मुशिकिलें और भी ज्यादा बढ़ गई है। वही आपदा प्रभावितों की सुध लेने इस गांव में अब तक कोई सरकारी नुमाइंदा नही पहुंचा है। ऐसे हालातों में सीमांत के इन प्रभावितों की मुसीबतें बढ़ना लाज्मी है। केवल आस्वासनों के सहारे जी रहे है क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के ग्रमीण। सीमांत के आपदा प्रभावितों की समस्याओं का निपटारा न जाने कब होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय समिति में देसंविवि के प्रतिनिधि मुख्य सदस्य नामित

**संवाददाता** हरिद्वार। कोरोना प्रभावित लोगों के सहयोग के लिए ब्रिटेन ने इंटरनेशनल फेथ कम्यूनिटीस केपिटल नामक एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है। इसमें आध्यात्मिक एवं नैतिक सहयोग के लिए देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया को मुख्य सदस्य के रूप में नामित किया है। इस समिति में डॉ. पण्डया एकमात्र भारतीय सदस्य हैं। डॉ. चिन्मय के अलावा इसमें ब्रिटेन ने विश्व के विभिन्न सम्प्रदायों के नामचीन लोगों को शामिल किया है। समिति का प्रमुख कार्य विश्वभर में वैश्विक महामारी कोरोना प्रभावित लोगों तक नैतिक एवं आर्थिक सहयोग मुहैया कराना है। इसके लिए सौ मिलियन पाउंड का एक फंड बनाकर सबसे ज्यादा प्रभावित एवं अभावग्रस्त लोगों तक सहयोग करना पहुँचाया जायेगा। इसके अलावा कोरोना काल में जीवन के प्रति डगमगाती आशा को नव संकल्प द्वारा जीवंत रखते हुए आध्यात्मिक एवं नैतिक सहयोग दिया जाना प्रस्तावित है। कई शैक्षणिक संस्थानों ने इस विषय पर कई शोध किये हैं।